
TOPPER LEARNING

Get More Marks

# MOST IMPORTANT QUESTIONS



**ISCE**
**Class X – Hindi**
**Most Important Questions**

## एकांकी

### Chapter 1: संस्कार और भावना

### लेखक - विष्णु प्रभाकर

1. माँ ने अविनाश की बहू को क्यों नहीं अपनाया? समझाकर लिखिए।
2. कौन संस्कारों की दासता से मुक्त होने में विफल रहा और क्यों? या माँ किस विचारधारा की थी?
3. माँ का बड़ा बेटा अविनाश उनसे अलग क्यों रहता था?
4. अविनाश की पत्नी, माँ, अतुल का चरित्र-चित्रण कीजिए।
5. माँ ने 'डाकिन' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया है? क्या वह वास्तव में डाकिन थी? स्पष्ट कीजिए।
6. माँ का हृदय परिवर्तन कैसे हुआ? या प्रस्तुत एकांकी में किसका द्वंद्व दिखाया गया है? इसमें किसकी जीत होती है व कैसे?
7. अतुल और उमा माँ के किस निर्णय से प्रसन्न हैं? उनकी माँ के विचारों में आए परिवर्तन का कारण क्या था?
8. प्रस्तुत एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट करें।

### Chapter 2: बहू की विदा

### लेखक - विनोद रस्तोगी

1. प्रमोद इस समय जीवनलाल के घर क्यों आया है?
2. जीवनलाल कमला की विदा क्यों नहीं करना चाहते?
3. जीवनलाल ने कमला की विदा हेतु क्या शर्त रखी?
4. जीवनलाल ने 'झोंपड़ी' तथा 'महल' द्वारा किस ओर संकेत किया है?
5. जीवनलाल का हृदय परिवर्तन कैसे हुआ? / चोट ने मरहम का काम कैसे किया?
6. जीवनलाल व राजेश्वरी के स्वभाव में क्या अंतर था?
7. जीवनलाल, राजेश्वरी का प्रमोद चरित्र-चित्रण कीजिए।

8. प्रस्तुत एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट करें।

## Chapter 3: मातृभूमि का मान

### लेखक - हरिकृष्ण प्रेमी

1. महाराणा लाखा ने प्रतिज्ञा क्यों ली?
2. महाराणा लाखा जनसभा में क्यों नहीं जाना चाहते?
3. महाराणा ने किसके सुझाव पर बूँदी का नकली महल बनवाया?
4. नकली दुर्ग क्यों बनवाया गया?
5. महाराणा की प्रतिज्ञा विवेकहीन क्यों थी?
6. 'मातृभूमि का मान' एकांकी शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।
7. वीरसिंह की मातृभूमि कौन-सी थी और वह मेवाड़ में क्यों रहता था?
8. वीरसिंह ने अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम किस तरह दिखाया?
9. 'मातृभूमि का मान' एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।
10. 'मातृभूमि की रक्षा हमारा प्रथम कर्त्तव्य होना चाहिए' इस विषय पर अपने विचार लिखें।

## Chapter 4: सूखी डाली

### लेखक - उपेन्द्र नाथ अश्क

1. बेला के मायके और ससुराल में क्या अंतर है?
2. बेला की फ़र्नीचर के बारे क्या राय थी?
3. घर के फ़र्नीचर के बारे में परेश की राय क्या थी और वह उसे क्यों नहीं बदलना चाहता था?
4. दादाजी का नाम क्या था? उनकी उम्र कितनी थी? उनका परिचय दें।
5. प्रस्तुत एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।
6. एकांकी के आधार पर बेला का चरित्र-चित्रण कीजिए।
7. हल्की सी खरोंच भी, यदि उस तत्काल दवाई न लगा दी जाए, बढ़कर एक घाव बन जाती और घाव नासूर हो जाता है, फिर लाख मरहम लगाओ ठीक नहीं होता - इस कथन से वक्ता का क्या आशय है? स्पष्ट कीजिए।
8. घर की छोटी बहू की समस्या क्या है?

9. दादाजी ने समस्या का क्या समाधान सुझाया?
10. घर के सदस्यों का व्यवहार छोटी बहू के प्रति बदल कैसे जाता है?
11. बेला की मन:स्थिति का वर्णन कीजिए।

## Chapter 5: महाभारत की एक साँझ

### लेखक - भारत भूषण अग्रवाल

1. धृतराष्ट्र का परिचय दें।
2. पुत्र-मोह से क्या तात्पर्य है?
3. दुर्योधन अपनी प्राण रक्षा के लिए क्या करता है?
4. 'घृत देकर उभारा है' से क्या तात्पर्य है स्पष्ट करें।
5. प्रस्तुत एकांकी का उद्देश्य लिखिए।
6. महाभारत के युद्ध से हमें कौन-सी सीख मिलती है?
7. प्रस्तुत एकांकी के आधार पर बताइए कि दुर्योधन ने किस प्रकार के अधर्म किए थे?

## Chapter 6: दीपदान

### लेखक - रामकुमार वर्मा

1. धाय माँ कौन है? उसका परिचय दीजिए।
2. 'तुम कभी रात में अकेले नहीं जाओगे। चारों तरफ़ ज़हरीले सर्प घूम रहे हैं। किसी समय भी तुम्हें डस सकते हैं।' ऐसा पन्ना धाय क्यों कहती है?
3. पन्ना धाय कुँवर उदय सिंह की सुरक्षा के प्रति चिंतित क्यों रहती थी?
4. 'तुम्हारा बहता हुआ बोझ पत्थर भी अपने सिर पर धारण करेंगे' का क्या तात्पर्य है?
5. दीपदान उत्सव का आयोजन किसने और क्यों किया?
6. पन्ना ने कुँवर को सुरक्षित स्थान पर किस तरह पहुँचाया?
7. पन्ना ने क्या बलिदान दिया?

## साहित्य सागर [गद्य]

### Chapter 1: बात अठन्नी की

### लेखक - सुदर्शन

1. रसीला का परिचय दें।
2. रसीला बार-बार किससे,कौन-सी और क्यों प्रार्थना करता था?
3. तनख्वाह न बढ़ाने के बावजूद रसीला नौकरी क्यों नहीं छोड़ना चाहता था?
4. ऐसी कमाई से क्या तात्पर्य है?
5. रसीला पर किस आरोप पर किसने मुकदमा दायर किया था?
6. "यह इंसाफ नहीं अँधेर है। सिर्फ़ एक अठन्नी की ही तो बात थी !" उपर्युक्त उक्ति का क्या कारण था स्पष्ट कीजिए।

### Chapter 2: काकी

### लेखक - सियारामशरण गुप्त

1. श्यामू ने उठने के बाद क्या देखा?
2. श्यामू ने उपद्रव क्यों मचाया?
3. श्यामू को सत्य का पता किस प्रकार चला?
4. श्यामू का परिचय दें।
5. नन्हें बालक के लिए माँ का वियोग सबसे बड़ा वियोग होता है स्पष्ट करें।
6. श्यामू हृदय क्यों खिल उठा?
7. श्यामू ने कौन-सी चीज किस उद्देश्य से मँगवाई थी?
8. श्यामू की माँ को रामजी के घर से लाने में श्यामू मदद किसने की उसका परिचय दें।
9. अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए श्यामू ने पैसों की व्यवस्था किस प्रकार की ?
10. विश्वेश्वर हतबुद्धि होकर क्यों खड़े रह गए?
11. भोला का परिचय देते हुए बताइए कि वह श्यामू की सहायता किस प्रकार करता है?

## Chapter 3: महायज्ञ का पुरस्कार

### लेखक - यशपाल

1. प्रस्तुत पाठ के आधार पर सेठ जी की विशेषताएँ बताइए।
2. सेठानी ने सेठ को क्या सलाह और क्यों दी?
3. धन्ना सेठ की पत्नी के संबंध में क्या अफ़वाह थी?
4. सेठ जी ने अपना यज्ञ बेचने का निर्णय क्यों लिया ?
5. सेठ जी ने अपना सारा भोजन कुत्ते को क्यों खिला दिया ?
6. सेठ को धन्ना सेठ की पत्नी की किस बात पर आश्चर्य हुआ?
7. धन्ना सेठ की पत्नी ने सेठ के किस काम को महायज्ञ बताया और क्यों?
8. सेठानी का परिचय दें।
9. सेठ को धन की प्राप्ति किस प्रकार हुई?

## Chapter 4: नेताजी का चश्मा

### लेखक - स्वयं प्रकाश

1. हालदार साहब कब और कहाँ-से क्यों गुजरते थे?
2. कस्बे का वर्णन कीजिए।
3. शहर के मुख्य बाज़ार में प्रतिमा किसने लगवाईं थी और उस प्रतिमा की क्या विशेषता थी?
4. हालदार साहब का परिचय दें।
5. पानवाले का परिचय दें।
6. मूर्ति का चश्मा हर-बार कौन और क्यों बदल देता था?
7. "वो लँगड़ा क्या जाएगा फ़ौज में। पागल है पागल!"
   कैप्टन के प्रति पानवाले की इस टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया लिखिए।
8. सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?
9. हालदार साहब ने अपने ड्राईवर को चौराहे पर रुकने के लिए मना क्यों किया?
10. मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा क्या उम्मीद जगाता है?

## Chapter 5: अपना - अपना भाग्य

### लेखक जैनेंद्र कुमार

1. बादलों का लेखक ने कैसा वर्णन किया है?
2. लेखक ने नैनीताल की उस संध्या में कुहरे की सफेदी में क्या देखा?
3. लेखक और मित्र ने उस बालक के विषय में कौन-सी बातें जानी ?
4. लेखक उस बच्चे को वकील साहब के पास क्यों ले गए?
5. वकील साहब उस बच्चे को नौकर क्यों नहीं रखना चाहते थे?
6. लड़के की मृत्यु का क्या कारण था?
7. 'दुनिया की बेहयाई ढँकने के लिए प्रकृति ने शव के लिए सफ़ेद और ठंडे कफ़न का प्रबंध कर दिया था'- इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
8. 'अपना अपना भाग्य' कहानी के उद्देश्य पर विचार कीजिए।

## Chapter 6: बड़े घर की बेटी

### लेखक - प्रेमचंद

1. बेनी माधव के कितने पुत्र थे उनका परिचय दें।
2. श्रीकंठ कैसे विचारों के व्यक्ति थे?
3. आनंदी की सम्मिलित कुंटुब के बारे में राय अपने पति से अलग क्यों थी?
4. आनंदी और उसके देवर के बीच झगड़े का क्या कारण था?
5. स्त्रियाँ गालियाँ सह लेती है, मार भी सह लेती है,पर उससे मैके की निंदा नहीं सही जाती से क्या तात्पर्य है?
6. आनंदी की शिकायत का क्या परिणाम हुआ?
7. आनंदी को अपनी बात का पछतावा क्यों हुआ?
8. बेनी माधव ने ने आनंदी को बड़े घर की बेटी क्यों कहा?
9. 'बड़े घर की बेटी' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट करें।

## Chapter 7: संदेह

### लेखक - जयशंकर प्रसाद

1. रामनिहाल के श्यामा के बारे में क्या विचार हैं?
2. रामनिहाल के रोने का कारण क्या है?

3. रामनिहाल की महत्वाकांक्षा उससे क्या करवाती रही?
4. मैं सुखी होकर संतुष्ट होकर चैन से संसार के एक कोने में बैठ जाऊँगा, किंतु वह मृग मरीचिका थी।” प्रस्तुत पंक्ति में मृग मरीचिका से क्या तात्पर्य है?
5. मोहनबाबू कौन हैं और वे क्यों परेशान हैं?
6. मोहनबाबू का किससे और क्यों मतभेद था?
7. रामनिहाल किस संदेह से ग्रसित था?
8. रामनिहाल हत बुद्धि क्यों हो गया?
9. अंत में श्यामा ने रामनिहाल को क्या सुझाव दिया?

## Chapter 8: जामुन का पेड़

### लेखक - कृश्नचंदर

1. जामुन का पेड़ कहाँ लगा हुआ था और उसके गिरने का क्या कारण था?
2. “बेचारा जामुन का पेड़ कितना फलदार था।” इस कथन का वक्ता कौन है? वो दुखी क्यों है?
3. “बेचारा जामुन का पेड़ कितना फलदार था।” इस संवाद से लोगों की किस मानसिकता का पता चलता है?
4. विदेश विभाग ने पेड़ न काटने का हुक्म क्यों दिया?
5. अंत में पेड़ काटने की अनुमति कैसे मिलती है?
6. क्या अंत में उस व्यक्ति को पेड़ के नीचे से निकाल लिया जाता है? यदि नहीं तो क्यों स्पष्ट करें।
7. दबे हुए व्यक्ति को इतने दिन पेड़ के नीचे से क्यों नहीं निकाला गया?
8. चींटियों की एक लंबी पाँत उसके मुँह में जा रही थी...। प्रस्तुत कथन का आशय स्पष्ट करें।
9. प्रस्तुत कहानी से सरकारी विभागों की कार्य-शैली के बारे में क्या पता चलता है?
10. ‘जामुन का पेड़’ कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट करें।

## Chapter 9: भेड़ और भेड़िये

### लेखक - हरिशंकर परसाई

1. पशु समाज में 'क्रांतिकारी' परिवर्तन क्यों आया?
2. 'क्रांतिकारी' परिवर्तन से क्या आशय है?
3. भेड़ियों ने यह क्यों सोचा कि अब संकटकाल आ गया है?
4. भेड़ें और भेड़िये किसका प्रतीक हैं?
5. भेड़ियों ने बूढ़े सियार की बात मानने का निश्चय क्यों किया?
6. तीनों सियारों का परिचय किस प्रकार दिया गया?
7. बूढ़े सियार ने भेड़िये का रूप क्यों बदला और उसे क्या सलाह दी?
8. प्रस्तुत पाठ में सियार किसके प्रतीक हैं?
9. प्रस्तुत पाठ में बूढ़े सियार की विशेषताएँ बताएँ।
10. 'भेड़ और भेड़िये' कहानी द्वारा हमें क्या संदेश मिलता है?

## Chapter 10: दो कलाकार

### लेखिका - मन्नू भंडारी

1. चित्रा का अरुणा को नींद में से जगाने का क्या उद्देश्य है?
2. चित्रा ने उस चित्र को किसका प्रतीक कहा और क्यों?
3. अरुणा ने आवेश में आकर यह क्यों कहा कि किस काम की ऐसी कला जो आदमी को आदमी न रहने दें।
4. चित्रा को घर लौटने में देर क्यों हुई?
5. विदेश में उसके किस चित्र को अनेक प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार मिल चुका था?
6. भिखारिन के दोनों बच्चों का क्या हुआ?
7. अरुणा और चित्रा में से महान कलाकार कौन है और क्यों?
8. 'दो कलाकार' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

## साहित्य सागर [पद्य]

### Poem 1:साखी

### कवि - कबीरदास

1. कबीर के गुरु के प्रति दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।
2. 'जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाँहि।' - का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।
3. 'पाहन पूजे हरि मिले' - दोहे का भाव स्पष्ट कीजिए।
4. "ता चढ़ि मुल्ला बाँग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय" - पंक्ति में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए।
5. मनुष्य के हृदय में 'मैं' और 'हरि' का वास एक साथ संभव क्यों नहीं है समझाकर लिखिए।
6. पत्थर पूजने से यदि भगवान् की प्राप्ति होती है, तो इसके लिए कबीर क्या करने के के लिए तैयार हैं और क्यों?

### Poem 2: गिरिधर की कुंडलियाँ

### कवि - गिरिधर कविराय

1. लाठी से क्या-क्या लाभ होते हैं?
2. 'बकुचा बाँधे मोट, राति को झारि बिछावै' - पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।
3. कमरी की किन-किन विशेषताओं का उल्लेख किया गया है?
4. 'गुन के गाहक सहस, नर बिन गुन लहै न कोय' - पंक्ति का भावार्थ लिखिए।
5. कौए और कोयल के उदाहरण द्वारा कवि क्या स्पष्ट करते हैं?
6. कैसे पेड़ की छाया में रहना चाहिए और कैसे पेड़ की छाया में नहीं?
7. 'पानी बाढ़ै नाव में, घर में बाढ़े दाम। दोऊ हाथ उलीचिए, यही सयानो काम॥'- पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
8. कवि गिरधर के अनुसार इस संसार में किस प्रकार का व्यवहार प्रचलित है?
9. व्यक्ति के पास रुपया पैसा न रहने पर मित्रों के व्यवहार में क्या परिवर्तन आ जाता है?
10. 'शीश आगे धर दीजै'- कवि ने ऐसा किस संदर्भ में कहा है?
11. क्या गिरिधर कविराय की कुंडलियाँ आज भी प्रासंगिक है?

### Poem 3: स्वर्ग बना सकते हैं

### कवि - रामधारीसिंह 'दिनकर'

1. कवि ने भूमि के लिए किस शब्द का प्रयोग किया हैं और क्यों?
2. भीष्म पितामह युधिष्ठिर को किस नाम से बुलाते है? क्यों?
3. 'प्रभु के दिए हुए सुख इतने हैं विकीर्ण धरती पर' - पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
4. किस प्रकार पल में धरती को स्वर्ग बना सकते है?

### Poem 4: वह जन्मभूमि मेरी

### कवि - सोहनलाल द्विवेदी

1. कवि ने भारत के लिए किन-किन विशेषणों का प्रयोग किया हैं?
2. कवि भारत की भूमि को पावन क्यों मानते हैं?
3. गौतम कौन थे? उन्होंने क्या उपदेश दिया था?

### Poem 5: मेघ आए

### कवि - सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

1. मेघ रूपी मेहमान के आने से वातावरण में क्या परिवर्तन हुए?
2. 'बाँकी चितवन उठा, नदी ठिठकी, घूँघट सरकाए।' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।
3. 'क्षितिज अटारी गहराई दामिनी दमकी, क्षमा करो गाँठ खुल गई अब भरम की'- पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
4. कवि ने पीपल के पेड़ के लिए किस शब्द का प्रयोग किया है और क्यों?
5. पीपल के पेड़ को बूढ़ा क्यों कहा गया है? उसका ग्रामीण संस्कृति में क्या महत्त्व है? समझाकर लिखिए।
6. मेघ की समानता किससे की गई है? वह कहाँ, कितने समय बाद आया है?
7. लता किसका प्रतीक है? वह किवाड़ की ओट से अपनी बात क्यों कर रही है?

## Poem 6: सूर के पद

### कवि - सूरदास

1. यशोदा बालक कृष्ण को सुलाने के लिए क्या-क्या यत्न कर रही है?
2. सूरदास के अनुसार यशोदा कौन-सा सुख पा रही हैं?
3. बाल कृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कीजिए।
4. अपनी हठ पूरी न होने पर बाल कृष्ण अपनी माता को क्या-क्या कह रहे हैं?

## Poem 7: विनय के पद

### कवि - तुलसीदास

1. श्री राम ने परम गति किस-किस को प्रदान की?
2. रावण को कैसे वैभव प्राप्त हुआ?
3. कवि के अनुसार हमें किसका त्याग करना चाहिए?
4. उदाहरण देकर लिखिए किन लोगों ने भगवान के प्यार में अपनों को त्यागा।

## Poem 8: भिक्षुक

### कवि - सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

1. भिक्षुक की दीन दशा का वर्णन कीजिये?
2. भिक्षुक के आँसुओं के घूँट पी जाने का क्या कारण है?
3. भूख मिटाने की विवशता उनसे क्या करवाती है?
4. 'और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए'-पंक्ति का आशय स्पष्ट करें।

## Poem 9: चलना हमारा काम है

### कवि- शिवमंगल सिंह 'सुमन'

1. कवि दर-दर क्यों खड़ा नहीं होना चाहता?
2. कवि का रास्ता आसानी से कैसे कट गया?
3. कवि ने जीवन को अपूर्ण क्यों कहा है?
4. 'फिर व्यर्थ क्यों कहता फिरूँ, मुझ पर विधाता वाम है' - का आशय स्पष्ट कीजिए।
5. 'जीवन इसी का नाम है से क्या तात्पर्य है?

6. जो गिर गए सो गिर गए रहे हर दम, उसी की सफलता अभिराम है,चलना हमारा काम है।' पंक्ति का आशय स्पष्ट करें।

### Poem 10: मातृमंदिर की ओर

### कवयित्री - सुभद्राकुमारी चौहान

1. कवयित्री अपनी व्यथा को दूर करने के लिए क्या करना चाहती है?
2. कवयित्री भगवान से सहायता क्यों माँग रही है?
3. 'अहा! वे जगमग-जगमग जगी, ज्योतियाँ दिख रही हैं वहाँ।' - आशय स्पष्ट कीजिए।
4. 'कलेजा माँ का, मैं संतान करेगी दोषों पर अभिमान।' - का आशय स्पष्ट कीजिए।

### उपन्यास [नया रास्ता]

### लेखिका - सुषमा अग्रवाल

1. आनेवाले मेहमान को विशेष महत्त्व क्यों दिया जा रहा है?
2. लेखिका मीनू को दृढ़ता व साहस की मूर्ति क्यों कह रही है?
3. विवाह के अलावा मीनू के जीवन का लक्ष्य क्या था?
4. मीनू समाज के झूठे आवरण को हटाकर एक सत्य दिखाना चाहती है - स्पष्ट कीजिए।
5. अमित और सरिता किस विषय में बात कर रहे हैं?
6. अतीत की स्मृतियों में डूब जाने पर मीनू क्यों उदास हो जाती है?
7. हमारे समाज में लड़के के विवाह की अपेक्षा लड़की के विवाह को आज इतना महत्त्व क्यों दिया जाता है?
8. नीलिमा कौन है? वह मीनू को राय क्यों दे रही है?
9. “कौन करेगा मुझसे शादी?” भाव स्पष्ट कीजिए।
10. ‘बेटी पराया धन होती है’ का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
11. समाज में स्त्री पुरुष में इतना भेद क्यों है?
12. लड़की के जीवन में इतनी कठिनाईयाँ क्यों आती है?
13. ‘आज मीनू का सपना पूरा हो गया’ स्पष्ट करो।

# “ YOU NEED MORE? WE'VE GOT MANY! ”

## DOUBT SOLVING

Instant: Live Chat

Elaborate : Ask The Expert

## WEBINAR 'JUST FOR YOU!'

For The Users Who Have Bought Our Packages

## PAST YEAR PAPERS

## TEXTBOOK SOLUTIONS

TOPPER LEARNING

Get More Marks